

प्रवेश संवाद
चुप न रहें संवाद करें
डिजीटल मीडिया पार्टनर
बुन्देली halchal.com
#Digital Edition
www.bundelihalchal.com
सागर, रविवार, 07 दिसम्बर 2025

## नर्सिंग स्टाफ ड्रेस कोड से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक सब लचर, मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़

## BMC में अव्यवस्थाओं का अंबार

# कौन सी ड्रेस, काय का कोड नौकरी तो ऐसे ही करेंगे



शुभम श्रीवास्तव सागर
7000072344

बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) एक बार फिर अपने खराब प्रबंधन को लेकर सुर्खियों में है। अस्पताल की अव्यवस्था, लापरवाही और संवेदनहीनता अब मरीजों की जान पर बन आती दिख रही है। यहां डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल और वार्ड बॉय सहित सभी के लिए यूनिफॉर्म निर्धारित है, लेकिन अस्पताल में पुरुष नर्सिंग स्टाफ ड्रेस कोड को ताक पर रखकर जींस, टी-शर्ट और जैकेट पहनकर ड्यूटी करते नजर आते हैं। ऐसे में किसी मरीज या परिजन के लिए यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि कौन नर्सिंग अधिकारी है और कौन साधारण व्यक्ति।

## आईसीयू और संवेदनशील वार्डों में भी मनमानी पोशाक



सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति यह है कि आईसीयू एवं महत्वपूर्ण वार्डों में भी मनमर्जी की पोशाक में ड्यूटी की जा रही है, जो संक्रमण का गंभीर खतरा बढ़ा रही है। हाल ही में वन-वार्ड में भर्ती झुलसे तीन बच्चों को देखने पहुंचे परिजनों और मीडिया कर्मियों का ऐसा ही अनुभव रहा-वह यह पहचान ही नहीं पाए कि कौन डॉक्टर है और कौन नर्सिंग स्टाफ। पूछने पर नर्सिंग अधिकारी ने आईडी कार्ड तक न होने की बात कह दी।

**सुरक्षा कर्मियों की गुंडागर्दी चरम पर:** सुरक्षा कर्मियों का रवैया भी मरीजों, परिजनों और मीडिया के प्रति अत्यंत आपत्तिजनक है। कई बार अभद्रता और मारपीट की शिकायतें सामने आ चुकी हैं, बावजूद इसके प्रबंधन ने अब तक किसी पर ठोस कार्रवाई नहीं की। इधर हाल ही में एक वाहन में की गई तोड़फोड़ के मामले में भी सुरक्षा पूरी तरह फेल साबित हुई और प्रबंधन ने मामले को दबाने की कोशिश की।

**मरीज-परिजनों के लिए बड़ी परेशानी:** अस्पताल के गलियारे और वार्डों में सामान्य कपड़ों में चिकित्सकीय स्टाफ घूमता मिल जाता है, जिससे मरीज और उनके परिजनों की परेशानी कई गुना बढ़ जाती है। उन्हें यह तक नहीं पता चल पाता कि मदद किससे ली जाए।

**2 बजे के बाद जिम्मेदार गायब:** बीएमसी में अगर किसी मुद्दे पर अधिकारी से बात करनी हो तो 2 बजे के बाद अस्पताल में जिम्मेदार मिलना मुश्किल है। दफ्तरों में जाकर केवल एक जवाब मिलता है- साहब लंच पर गए हैं। लंच कब शुरू होता है और कब खत्म, किसी को नहीं पता।

**खामियां छिपाने को फोटो-वीडियो पर रोक:** बीएमसी की लगातार सामने आ रही अनियमितताओं और वीडियो वायरल होने के बाद अब प्रबंधन ने सुरक्षा कर्मियों को कड़े निर्देश दे दिए हैं कि कोई भी वीडियो या फोटो न बनाया जाए। उद्देश्य स्पष्ट है-कमियां बाहर न आएं।

## मीडिया पर रोक की कोशिशें तेज

*शहर के जागरूक पत्रकारों द्वारा अस्पताल की खामियों को लगातार उजागर किए जाने के बाद अब बीएमसी प्रबंधन पत्रकारों को प्रवेश से रोकने और कवरेज में बाधा डालने में जुटा है। सुरक्षा कर्मी मीडिया को चारों तरफ से घेरकर कवरेज रोकने की कोशिश करते देखे जाते हैं।*

*सभी के लिए ड्रेस कोड निर्धारित है। साथ ही सभी को आईडी कार्ड भी दिए गए हैं।जो भी ड्रेसकोड का पालन नहीं कर रहा है उस पर कार्यवाही की जाएंगी।*
*- **राजेश जैन,** अधीक्षक बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर*

# बसारी टोल नाके पर चार हमलावर ने भाजपा नेता के भाई की चाकू मारकर की हत्या: सभी आरोपी फरार; CCTV खंगाल रही पुलिस

प्रवेश संवाद बीना.

खिमलासा भाजपा मंडल अध्यक्ष चित्तर सिंह राजपूत के चचेरे भाई प्रमोद सिंह राजपूत (27 वर्ष) की चार अज्ञात बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी।



वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना शुक्रवार रात करीब 11 बजे बसारी टोल नाके से पहले हुई। जानकारी के अनुसार, प्रमोद राजपूत (पिता जगत सिंह राजपूत) अपने दोस्त राहुल कुर्मी के साथ क्रेशर की ओर से लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उन्हें चार अज्ञात लोग मिले। प्रमोद और राहुल जब वहां से निकलकर मेन रोड पर आगे पहुंचे तो वही चारों लोग दोबारा उनके सामने आ गए। प्रत्यक्षदर्शी दोस्त राहुल ने बताया कि प्रमोद ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। इसी दौरान एक व्यक्ति ने अचानक चाकू निकालकर प्रमोद के सीने पर तीन से चार बार वार कर दिए। प्रमोद मौके पर ही गिर पड़े।



**सभी आरोपी बाइक से फरार हो गए:** जब तक राहुल कुछ समझ पाते, सभी आरोपी बाइक से फरार हो चुके थे। राहुल ने तुरंत परिजनों और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही खिमलासा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रमोद को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह अस्पताल में मृतक का पोस्टमॉर्टम कराया गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में स्थिति गंभीर बनी हुई है।

थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टोल नाके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संभावित आरोपियों की तलाश जारी है।

## बीना में विधायक के भांजे-भतीजे पर हमला, SC-ST एक्ट के तहत मामला हुआ दर्ज

- दो युवकों ने रास्ता रोककर की मारपीट

**बीना.** बीना में विधायक निर्मला सप्रे के भांजे अभिनंद खत्री और भतीजे धीरेन भदौरिया पर शुक्रवार शाम को हमला हुआ। दो आरोपियों ने रास्ता रोककर उनके साथ मारपीट की।




पुलिस ने SC-ST एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना शाम करीब साढ़े चार बजे की है, जब दोनों युवक नहरोन की ओर जा रहे थे। रास्ते में सरगौली निवासी मलखान दांगी और जितेंद्र दांगी ने उनका रास्ता रोका और गाली-गलौज शुरू कर दी। गाली देने से मना करने पर मलखान दांगी ने अभिनंद का मुंह नोंच दिया, वहीं जितेंद्र दांगी ने दोनों के साथ मारपीट की। आरोपियों ने लोहे के पाइप से भी हमला किया, जिससे वे घायल हो गए।

**आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी:** पीड़ितों के अनुसार, हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और घटना के बाद मौके से फरार हो गए। घायल अभिनंद और धीरेन किसी तरह आगासौद पुलिस थाना पहुंचे और पूरी घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों का मेडिकल करवाया और आरोपियों के खिलाफ धारा 296(बी), 115(2), 351(2), 3(5) और एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## जिलाबदर शातिर अपराधी गिरफ्तार: आदेश का उल्लंघन कर घूम रहा था

**प्रवेश संवाद सागर.** केसली थाना पुलिस ने जिलाबदर किए गए एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आदतन अपराधी प्रशांत राजपूत जिलाबदर की अवधि के दौरान चोरी-छिपे अपने ही गांव के पास घूम रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी प्रशांत राजपूत (निवासी ग्राम घाना) केसली इलाके में देखा गया है। टीम जब मरामाधौ रोड पहुंची, तो प्रशांत बिना नंबर की बाइक पर बैठा दिखा। पुलिस की गाड़ी को देखते ही उसने बाइक दौड़ाकर भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।




आरोपी प्रशांत (26), पिता बसंत उर्फ बब्लू राजपूत, लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था। इसी वजह से जिला दंडाधिकारी ने 28 अक्टूबर को आदेश पारित कर उसे 6 महीने के लिए जिलाबदर किया था। उसे सागर और आसपास के जिलों (दमोह, छतरपुर, रायसेन, नरसिंहपुर, विदिशा, अशोकनगर, टीकमगढ़) की सीमाओं से दूर रहने का आदेश था।

## कच्चे मकान में लगी भीषण आग, तीन भाई-बहन झुलसे, पड़ोसियों ने जान बचाई, गृहस्थी का सामान खाक

प्रवेश संवाद सागर.

नरयावली थाना क्षेत्र के ग्राम चांदामऊ में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात एक कच्चे मकान में भीषण आग लग गई। हादसे के वक्त घर में माता-पिता मौजूद नहीं थे और तीन बच्चे सो रहे थे। आग की चपेट में आने से तीनों भाई-बहन झुलस गए। पड़ोसियों और पुलिस ने मशक्कत कर उन्हें बाहर निकाला और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार, चांदामऊ निवासी गणेश चढ़ार मजदूरी करते हैं। घटना वाली रात वे खेत पर गए हुए थे, जबकि उनकी पत्नी एक शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। घर पर उनके तीन बच्चे- बेटी साक्षी (22), बेटा अनुज (19) और कार्तिक (15) सो रहे थे।



**लपटें देख दौड़े पड़ोसी, बचाई जान:** देर रात अचानक घर में आग भड़क उठी। लपटें देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने घर में फंसे तीनों बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक वे झुलस चुके थे। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

**गृहस्थी का सामान खाक, विधायक ने दिया भरोसा:** आगजनी में गरीब मजदूर का गृहस्थी का पूरा सामान जलकर खाक हो गया है। नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने घटना पर दुख जताते हुए प्रशासन के अधिकारियों से बात की है। उन्होंने बच्चों के उचित इलाज की व्यवस्था कराने और पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पत्नी से विवाद और मानसिक तनाव में ड्राईक्लीनर ने की आत्महत्या: भरण-पोषण के केस से था परेशान

- भाई से कहा था- सुनवाई से पहले चला जाऊंगा

प्रवेश संवाद सागर



मोतीनगर थाना क्षेत्र में एक 38 वर्षीय युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक पेशे से ड्राईक्लीनर था और पिछले 2 महीने से पत्नी के मायके चले जाने के कारण घर में अकेला रह रहा था। पत्नी ने उस पर भरण-पोषण का केस कर रखा था। शुक्रवार रात सुसाइड से तीन दिन पहले उसने अपने भाई से कहा था कि केस की सुनवाई आने तक वह दुनिया छोड़ देगा। पुलिस के अनुसार, विवेकानंद वार्ड के ग्यादीन तिराहा के पास रहने वाले गगन (38) पिता दुर्गा प्रसाद रजक ने घर की गैलरी में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के समय वह घर में अकेला था। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया है।



मृतक के भाई सतीश रजक ने बताया कि गगन की पत्नी करीब 2 माह पहले बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। तब से गगन मानसिक रूप से परेशान था। बच्चों से मिलने गया तो पीटाः कुछ समय पहले गगन बच्चों को देखने ससुराल (गढ़ाकोटा) गया था, जहां उसके साथ मारपीट की गई थी।

### भरण-पोषण का केस

पत्नी ने गगन पर भरण-पोषण का केस लगा रखा था। भाई सतीश ने बताया कि तीन दिन पहले गगन ने उससे कहा था, 'जब तक केस की सुनवाई आएगी, तब तक हम चले जाएंगे।' भाई को लगा कि वह कहीं बाहर जाने की बात कर रहा है, लेकिन उसने ऐसा आत्मघाती कदम उठा लिया। गगन तीन भाइयों में मंझला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## दो बाइकों में लगाई आग: शराब की बोतल में पेट्रोल भरा मिला

- सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

प्रवेश संवाद सागर

कृष्णगंज वार्ड में घरों के बाहर खड़ी बाइकों में बदमाशों ने आग लगा दी। आगजनी में दो बाइकें जली हैं। सूचना पर पुलिस ने मामला जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार कृष्णगंज वार्ड निवासी पप्पू साहू के घर के सामने खड़ी बाइक में शुक्रवार की देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना के करीब एक घंटे बाद करीब 1.30 बजे उसी वार्ड में कुंदन सेन के घर के बाहर खड़ी स्कूटी में भी आग लगा दी गई।



स्कूटी के पास शराब की बोतल में भरा पेट्रोल मिला है। जिससे आशंका जताई जा रही है कि दोनों आगजनी की वारदातें सुनियोजित तरीके से की गई हैं। मामले में पीड़ितों ने गोपालगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# 20 सेकंड का जादू: आईएमए डॉक्टर्स ने सिखाया- हाथ धोकर कैसे बचाई जा सकती हैं लाखों जानें!

## IMA सागर एवं जिला स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय हाथ धुलाई सप्ताह पर जागरूकता शिविर

प्रवेश संवाद सागर.



विश्व हाथ धुलाई सप्ताह के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) सागर शाखा तथा स्वास्थ्य विभाग सागर के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राहतगढ़ में एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने आमजन को साबुन से हाथ धोने की सही तकनीक सिखाई तथा इसके स्वास्थ्य लाभों की विस्तार से जानकारी दी।

मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. जितेंद्र सराफ ने बताया कि साबुन और पानी से हाथ धोना रोगों से बचाव का सबसे सरल लेकिन सबसे शक्तिशाली उपाय है। वैज्ञानिक रूप से सिद्ध है कि नियमित हाथ धोने से दस्त, सर्दी-जुकाम, फ्लू तथा अन्य श्वसन संक्रमणों का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। यह छूआछूत से फैलने वाले कीटाणुओं की कड़ी को तोड़ देता है और सम्पूर्ण रोग बोझ को कम करता है।

IMA सागर के अध्यक्ष डॉ. तलहा साद ने कहा कि साबुन से हाथ धोने से दस्त के मामलों में 40 प्रतिशत तक और निमोनिया में 20 प्रतिशत से अधिक की कमी आ सकती है। इससे विश्व भर में हर साल लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि हाथ धोने की प्रक्रिया कम से कम 20 सेकंड तक चलनी चाहिए। जहां साबुन-पानी उपलब्ध न हो, वहां अल्कोहल आधारित हैंड सैनिटाइज़र एक प्रभावी विकल्प है जो अधिकांश कीटाणुओं को खत्म कर देता है। क्षेत्रिय संचालक स्वास्थ्य सागर डॉ. नीना गिडियन ने चार महत्वपूर्ण आदतों पर जोर देते हुए कहाः

1. हाथ गंदे हों या खाना खाने से पहले- हाथ जरूर धोएं।
2. खांसते समय हाथ में न लें।
3. छींकते समय हाथ का प्रयोग न करें।
4. उंगलियां आंख, नाक या मुंह में न डालें।

उन्होंने बताया कि अनावश्यक एंटीबायोटिक्स का प्रयोग प्रतिरोधकता (एंटीबायोटिक रेसिस्टेंस) पैदा करता है। हाथ धोने से कई बीमारियां ही नहीं होतीं, इसलिए एंटीबायोटिक्स की जरूरत कम पड़ती है और प्रतिरोधकता की समस्या अपने आप नियंत्रित होती है।

एक सर्वे के अनुसार सार्वजनिक शौचालय इस्तेमाल करने के बाद केवल 31 प्रतिशत पुरुष और 65 प्रतिशत महिलाएं ही हाथ धोते हैं- यह आंकड़ा बेहद चिंताजनक है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन , सागर ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इन छोटी-छोटी आदतों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और स्वयं को तथा अपने परिवार को संक्रमणों से सुरक्षित रखें।

बी एम ओ डॉ. विकेश फुसकेले, बड़ी संख्या में मौजूद नर्सिंग स्टाफ , आशा वर्कर्स और आमजन की मौजूदगी ने सेशन को और प्रभावी बनाया।

## डॉ. अंबेडकर की मनाई गई 69वीं पुण्यतिथि



**सागर.** धर्मश्री स्थित अंबेडकर वार्ड में संविधान चौक पर बाबा साहब के चरणों में पुष्पमाला अर्पित कर सामाजिक कार्यकर्ता इंजीनियर आकाश कोरी (मासाब)ने कहा कि बाबा साहब को संविधान निर्माता,समाज सुधारक, बुद्धिजीवी और महान चिंतक के रूप में याद किया जाता है बाबा साहब का जन्म मराठी दलित परिवार में 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के मऊ शहर में हुआ था और उनकी मृत्यु आज ही के दिन 6 दिसंबर 1956 को दिल्ली में हुई थी इसके बाद सभी में नमन करते हुए 2 मिनट का मोहन धारण किया। ऐसा अवसर पर अंबेडकर मंडल की युवा मोर्चा अध्यक्ष निखिल अहिरवार जी, हेमन्त अहिरवार, पूरन अहिरवार, अभिषेक प्रजापति, वासु, नमन रजक,चेतन रजक, शुभ कोष्टी, ईशांत, प्रियांश सेन, अभय सेन आदि उपस्थित रहे।

# भोपाल के डॉक्टर ने काले हिरण का शिकार किया, मॉडिफाइड कर बनाई दूरबीन गन, 3 गिरफ्तार

**प्रवेश संवाद सागर.** सागर वन मंडल की टीम ने राहतगढ़ के जंगल में काले हिरण के मांस और हथियार के साथ भोपाल के बीएचएमएस डॉक्टर वसीम खान और उसके दो साथियों को गुरुवार- शुक्रवार की रात को गिरफ्तार किया है। टीम ने 22 बोर की वह गन भी जब्त की है, जिसे डॉक्टर ने खुद मॉडिफाइड किया था। इसी गन से 3 फायर कर मादा काले हिरण का शिकार किया गया था। जांच में सामने आया कि हिरण का मांस भोपाल से मुंबई भेजा जाता था। डीएफओ वरुण यादव के अनुसार, सूचना पर सर्च टीम बनाई। झाड़ियों में छिपकर इंतजार किया। रात 3 बजे दोनों कारें जंगल से बाहर आईं तो टीम ने पकड़ लिया। कार से 10 किलो मांस, खाल, दांत, गन, सागौन की लकड़ी बरामद हुई। डॉक्टर वसीम खान के पास खाल उतारने वाला चाकू, तेज धार का बका और मॉडिफाइड प्वाइंट-22 गन मिली। ट्रेनी आईएफएस जयप्रकाश के अनुसार, वह पहले भी खरगोश का शिकार कर चुका है। अब हिरण के शिकार के लिए राहतगढ़ आया। यहां ओमकार आदिवासी व राजू आदिवासी से मिला। यहीं शिकार की प्लानिंग की।



**अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्कर यांगचेन गिरफ्तारः** मप्र स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स और वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो को अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। इंटरपोल रेड नोटिस पर वांछित अपराधी यांगचेन लाचुंगपा को 2 दिसंबर को सिक्किम के लाचुंग से गिरफ्तार कर लिया। 3 दिसंबर को गंगटोक कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने ट्रांजिट रिमांड देते हुए उसे मप्र भेजने का आदेश दिया। मामला नर्मदापुरम में आगे बढ़ाया जाएगा।

# सांसद खेल महोत्सव में वॉलीबॉल के खिलाड़ी कड़के की ठंड में भी दिखा रहें अपना शानदार प्रदर्शन



**प्रवेश संवाद रहली.** तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव के तहत विधानसभा स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने शानदार शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने रहली के खिलाड़ियों पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि रहली नगर में शानदार जानदार वॉलीबॉल के खिलाड़ी हैं। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष देवराज सोनी ने अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए कहा कि उन्होंने अनेक खेल विधाओं में राज्य स्तर तक की प्रतियोगिताएं में जीत हासिल की है लेकिन वॉलीबॉल न खेलने का उन्हें आज भी मलाल हैं उन्होंने बताया कि जब सांसद द्वारा रहली में खेल प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए खेल के चयन की बात आई, तब उन्होंने वॉलीबॉल पर सर्वाधिक जोर दिया इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य यहां के खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक ले जाना है। देवराज सोनी ने यह भी कहा कि रहली में जब भी खेल की बात हुई है, तो वॉलीबॉल के ही किस्से सुने गए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने इस अवसर पर रहली के पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ियों को भी याद किया उन्होंने स्वर्गीय मुरली मनोहर नायक, स्वर्गीय नीलू सोनी, स्वर्गीय लक्ष्मीनारायण सोनी और स्वर्गीय महेंद्र शुक्ला के योगदान को याद किया इस अवसर पर भाजपा नेता राजेंद्र जारौलिया, नगर पालिका परिषद सीएमओ धनंजय गुमास्ता एवं अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# राजस्व वसूली माह के अंतर्गत निगमायुक्त की उपस्थिति में बकाया संपत्तिकर 5 लाख 393 जमा, कटरा बाजार में एक दुकान में की तालाबंदी की कार्रवाई

प्रवेश संवाद सागर



नगर निगम सागर द्वारा 1 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक राजस्व वसूली माह के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में सघन वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बकाया संपत्ति कर, जलकर, दुकानों का किराया, कचरा प्रबंधन शुल्क सहित अन्य करों की वसूली सुनिश्चित की जा रही है। शनिवार को नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी एवं वसूली टीम के साथ कटरा बाजार पहुंचे। इस दौरान लंबे समय से करों की बकाया राशि 5 लाख 393 रुपए जमा कराए गए तथा एक दुकान पर सख्त कार्रवाई करते हुए मुन्नी भी पत्नी शेख सिमन्दर की दुकान में तालाबंदी की गई। निगमायुक्त ने मौके पर ही विश्वनाथ साहू कटरा बाजार से 3 लाख 7 हजार 517,शिवराम केसरवानी से 4 हजार 178 एवं प्रदीप किशनचंद चौरसिया से 1 लाख 41 हजार 768 कुल राशि 5 लाख 393/- रुपए जमा कराए। इस दौरान निगमायुक्त ने अन्य बकायादार दुकानदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं भवन मालिकों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त ने कहा कि जिन बकायादारों को कई बार सूचना दिए जाने के बावजूद करों का भुगतान नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध तालाबंदी, जल कनेक्शन विच्छेदन एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया कि संपत्ति कर, जलकर, दुकान किराया, कचरा प्रबंधन शुल्क एवं अन्य करों की बकाया राशि शीघ्रता से वसूली जाए, ताकि नगर निगम के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की वित्तीय बाधा उत्पन्न न हो। खत्री ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्राप्त राजस्व का उपयोग शहर की सड़कों, नालियों, पेयजल, सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्यों में किया जाता है। समय पर करों का भुगतान कर नागरिक इन विकास कार्यों में सहभागी बन सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 31 दिसंबर तक राजस्व वसूली माह के अंतर्गत निरंतर सघन वसूली अभियान चलाया जाएगा तथा करों की बकाया राशि जमा न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम आयुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर अपने करों का भुगतान कर कार्रवाई से बचें तथा स्वेच्छा से नगर निगम के विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करें। अभियान के दौरान नगर निगम की वसूली टीम द्वारा प्रतिदिन वार्डों में जाकर करदाताओं से संपर्क किया जा रहा है।

मुद्रक एवं प्रकाशक- सुरेंद्र सिंह राजपूत (पृथ्वी) द्वारा जयश्री नारायण प्रिंटिंग प्रेस विठ्ठल भवन गुजराती बाजार सागर (म.प्र.) से मुद्रित, बैंक कॉलोनी, तिल्ली रोड सागर में प्रकाशितः मो. नं. 9926459376
स्थानीय संपादक- शुभम श्रीवास्तवः आर.एन.आई. नंबरः MPHIN/2013/48637, समाचार चयन के लिए पी. आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार न्यायिक क्षेत्र सागर (म.प्र.) रहेगा।

# कर्म के भरोसे जीवन पार नहीं होगा राम कृपा जरूरी है : अरुण जी

## सिद्ध पिपलेश्वर मंदिर वरदान होटल में पूर्व जिला न्यायाधीश अरुण जी की राम कथा का दूसरा दिन

**प्रवेश संवाद सागर**





जब तक जीवन में सत्संग और हरि कथा का सानिध्य नहीं होगा तब तक आपका जीवन बेकार है। प्रभु के सत्संग के बिना मानव भी पशु के समान है। सत्संग मोह को खत्म कर प्रभु से जोड़ता है। यह अमृत वचन सेवानिवृत्त पूर्व प्रधान न्यायाधीश अरुण जी ने वरदान होटल स्थित श्री सिद्ध पिपलेश्वर मंदिर में राम कथा और हनुमान गाथा का वर्णन करते हुए कथा के दूसरे दिन कही। माता सीता की खोज का बिंदु बार वर्णन करते हुए उन्होंने रामायण के हर पत्र से सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कथा भगवान से जोड़ने का साधन है। भक्ति; ज्ञान; वैराग्य और सेवक की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा भक्त हो तो मां सीता जैसा ज्ञान हो तो राम जैसा; वैराग्य हो तो लक्ष्मण जैसा ओर जीवन में सेवक की भूमिका क्या होती है यह हनुमान जी से सीखना चाहिए।

जय हो जय हो ओरछाधीश... जय हो राम लला सरकार.. की आरती से जैसे ही कथा की शुरुआत हुई भक्त भक्ति रस में डूब गए। भगवान श्री राम और हनुमान जी की कथा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा भगवान हनुमान अच्छे कथा आचार्य हैं। उन जैसा कथा सुनने वाला और कथा कहने वाला कोई इस धरा पर नहीं हुआ।

श्री सिंह ने कहा भगवान किसी के कर्म नहीं देखते। यदि कर्मों पर उनकी दृष्टि होती तो पिंगला; सदना कसाई; अहिल्या और शबरी जैसे कैसे बेड़ापार करते। भगवान श्री राम ने अभिमान करने वालों का हमेशा नाश किया है। किष्किंधा; लंका और सुंदरकांड की अलग-अलग व्याख्या करते हुए श्री सिंह ने कहा किष्किंधा कांड में विचार है लेकिन लंका कांड में सिर्फ कर्म और कार्य है।

तेरी मंद मंद मुस्कनिया पे बलिहार राघव जी... हमारे साथ रघुनाथ तो किस बात की चिंता... जैसे भजन जब श्री सिंह ने सुनाऐ तो हाल तालियायो की गड़गड़ाहट से गूंज गया।

**पहले दिन बताया साधु ; संत और सत्संग का महत्वः** कथा के पहले दिन 5 दिसंबर को भजन और सत्संग का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा ईश्वर से जुड़ने में विपत्ति दूर होती है। आज समाज में आत्महत्यायें और अपराध ज्यादा हो रहे हैं इसके लिये हमें परमात्मा पर आस्था और विश्वास रामकथा के पात्रों की तरह रखना चाहिये ताकि आत्मबल बढ़े और विपत्ति से हम सामना कर सकें।

इस अवसर पर परशुराम कल्याण बोर्ड के जिला अध्यक्ष मधुसूदन खेमरिया; सिंधी पंचायत के अध्यक्ष सुरेश मोहनानी; सुनील बुधवानी; एडवोकेट अजय श्रीवास्तव; एसवीएन कॉलेज के कुलपति अजय तिवारी; प्रोफेसर शशि सिंह; पत्रकार दीपक विश्वकर्मा; सहित प्रोफेसर; समाजसेवी; सागर कोर्ट से अधिवक्ता के अलावा कई लोगों की उपस्थिति रही।

**आज होगा कथा का विश्राम सुबह सुंदरकांड पाठः** श्री राम कथा का तृतीय दिवस 7 दिसंबर को समापन होगा। रविवार को सुबह 10:00 बजे से 12:00 तक संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन श्री सिद्धेश्वर धाम शक्तिपीठ मंदिर में बंशीधर लाल सोनी जी के द्वारा कराया गया है।

कथा यजमान रतेन्द्र सबलोक विजय सबलोक परिवार है एवं संयोजक जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डा. अंकलेश्वर दुबे (अत्री) मीडिया प्रभारी विपिन दुबे ने सभी धर्मप्रेमियों से कथा का रसपान करने की बात कही। गौरतलब है अरुण जी प्रधान जिला न्यायाधीश के पद से सागर से सेवानिवृत हुए हैं और ओरछा सरकार के परम भक्त है।

# विधायक लारिया ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा



**प्रवेश संवाद सागर.**

शनिवार को नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने रजाखेड़ी स्थित विधायक कार्यालय में विधानसभा स्तरीय मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा की। विधायक लारिया ने SIR के अगले चरण में किस पोलिंग बूथ में कितने मतदाता शिफ्ट हुए, फौत हुए मतदाताओं की जानकारी एकत्रित करने के साथ ही अगले चरण में पात्र नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने,मतदाता स्थानांतरण या अन्यत्र शिफ्ट हुए मतदाताओं को चिन्हित कर जुड़वाने का काम सजगता से करने हेतु अभियान को सफल बनाने का अनुरोध किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष,SIR के जिला, विधानसभा एवं मंडल प्रभारी, जिला पदाधिकारी,नपा अध्यक्ष पार्षदगण एवं वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

# योग निकेतन योग प्रशिक्षण संस्थान सागर के 55 वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आज से

**सागर.** योग निकेतन योग प्रशिक्षण संस्थान योग धाम मोतीनगर चौराहे के पास के 55 वा स्थापना पर्व पर 7 और 8 दिसंबर को कार्यक्रम आयोजित किए गए है। संस्थान के संस्थापक और प्रसिद्ध योगाचार्य विष्णु आर्य ने बताया कि संस्थान अपने 55 साल पूरे कर रहा है। भारतीय योग परम्परा से जुड़े हजारों आयोजन ,प्रशिक्षण और स्वास्थ्य शिविरो का आयोजन हुए है। जिसमें राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय योग मनीषियों का मार्गदर्शन सागर वासियों को मिला है। संस्थान को कई दफा सम्मानित भी किया गया। वर्तमान में नियमित सुबह योगाभ्यास कार्यक्रम चलता है। उन्होंने बताया कि योग धाम में नियमित प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक कराया जाता है जिसमें योग साधना, साइटिका, कमर दर्द, सर्वाइकल, मानसिक तनाव, हाई व लो ब्लड प्रेशर, स्मरण शक्ति बढ़ायें, भय, चिंता, अनिद्रा, आदि रोगों के लिए आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा आदि क्रियाओं द्वारा निवारण किया जाता है।

# कांग्रेस ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का किया आयोजन

**प्रवेश संवाद सागर.**



संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। पुष्पांजलि कार्यक्रम की शुरुआत में कांग्रेसजनों ने भगवान गंज स्थित डॉ. अम्बेडकर साहब की प्रतिमा पर पूरी श्रद्धा और गरिमा के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

पुष्पांजलि कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी,वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश राय,सेवादल के प्रदेश महामंत्री विजय साहू,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी,युवा कांग्रेस नरयावली के अध्यक्ष रोहित वर्मा,युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष नुरुल हुसैन राजा आदि ने बाबा साहेब डॉ.अम्बेडकर साहब का पुण्य स्मरण कर उनके बताये मार्गों पर चलने आव्हान किया।पुष्पांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक चौधरी,आई एम खान,एड. वीरेन्द्र चौधरी,समीर मकरानी, नियाज अहमद,बंटी पंथी,मुकेश सूर्यवंशी, शैलेंद्र अहिरवार,राजेश श्रीवास,गुलाब अहिरवार,विजय अहिरवार,वासु भाई सचिन कुमार आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

# सफलता पर प्राचार्या व स्टाफ ने स्वागत किया; सृष्टि ने अनुभव साझा कर विद्यालय और शिक्षकों को दिया सफलता का श्रेय

- MPPSC में चयनित सृष्टि का ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में सम्मान

**प्रवेश संवाद सागर**



ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में आज दिनांक 06 दिसम्बर को एमपीपीएससी परीक्षा 2023 में चयनित छात्रा सृष्टि रॉय का विद्यालय आगमन हुआ। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती लिजी लुईस एवं शिक्षिका श्रीमती करिश्मा फोगाट ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया एवं उनकी सफलता पर बधाई प्रेषित की। सृष्टि ने अपनी सफलता की यात्रा का संस्मरण सुनाते हुए कहा- कि मैंने अपने मन में यह निश्चय कर लिया था कि मैं अब अपने विद्यालय बड़ी सफलता हासिल करने के बाद ही आऊंगी। इस निश्चय को सदैव स्मरण में रखा। उन्होंने अपने अनुभव और विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावक, शिक्षकों एवं विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती पारुल साहू 'केशरी' को देते हुए कहा कि मैम के द्वारा दी गई आगे बढ़ने की प्रेरणा एवं विद्यालय से सीखा आत्मविश्वास दोनों ही सफलता में सहायक रहे। सभी ने इस सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर नीरज केशरवानी प्राचार्या श्रीमती लिजी लुईस समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# प्रदेशाध्यक्ष से जिला अध्यक्ष ने भेंट कर सांगठनात्मक विषयों पर कि चर्चा

**प्रवेश संवाद सागर.** भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी शनिवार को एक दिवसीय प्रवास पर भोपाल पहुंचे भोपाल प्रवास के दौरान उन्होने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भेंट की। भेंट वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को जिले की एस.आई.आर अभियान प्रगति की विस्तृत जानकारी दी एवं सागर जिले से जुड़े सांगठनात्मक विषयों पर प्रदेश अध्यक्ष से विस्तृत चर्चा की। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी भोपाल प्रवास के दौरान भाजपा महिला मोर्चा कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए एवं उनसे भेंट कर नव दायित्व हेतु बधाई प्रेषित कि व उन्हें सागर प्रवास हेतु आमंत्रित किया। जिला अध्यक्ष तिवारी ने सागर के भगवानगंज चौराहा स्तिथ संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि रामू अनीता अहिरवार अंशुल परिहार नितिन सोनी,चेतराम अहिरवार,हेमन्त अहिरवार,रघुबीर अहिरवार उपस्थित रहे।






# प्रवेश संवाद
चुप न रहें संवाद करें

#Digital Edition
डिजीटल मीडिया पार्टनर
बुन्देली halchal.com

सागर, रविवार, 07 दिसम्बर 2025


## छतरपुर जिले में छात्रावासों की व्यवस्था ठप : वित्तीय अनियमितताओं के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं

# ये है नियम : 3 साल से ज्यादा समय का नहीं होगा कार्यकाल

# उल्लंघन : 10 से वर्ष से एक ही छात्रावासों में जमें हैं कई अधीक्षक

**छतरपुर जिले में छात्रावास व्यवस्था एक चौंकाने वाली तस्वीर पेश कर रही है। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास और नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावासों में वर्षों से एक ही अधीक्षकों का जमे रहना गंभीर सवाल खड़ा करता है। निरीक्षण, सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए हर तीन साल में रोटेशन अनिवार्य है, लेकिन जिले में यह व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ गई है। 8 दिसंबर को खजुराहो में कैबिनेट बैठक होने जा रही है, और इसी बीच छात्रावासों में नियमों की खुलेआम अनदेखी प्रशासन की कार्यशैली पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगा रही है।**




**प्रवेश संवाद टीम — छतरपुर**

जिले में 8 दिसंबर को खजुराहो में कैबिनेट बैठक होगी यहां विकास के नए आयाम गढ़े जाना है। जिस जिले के कलेक्टर पार्थ जैसवाल अपने ही आदेश का पालन छात्रावासों में नहीं करा पा रहे है। यहां वर्षों से एक ही छात्रावास में कई अधीक्षक जमें है जबकि नियमानुसार एक अधीक्षक तीन वर्ष से ज्यादा समय तक एक छात्रावास में नहीं रह सकता है।

**यह है पूरी स्थिति** : जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों और नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावासों की व्यवस्था शासन ने छात्राओं की सुरक्षा, शिक्षा और समग्र विकास के उद्देश्य से की थी। निर्देश यह भी हैं कि छात्रावास अधीक्षकों का समय–समय पर स्थानांतरण हो, ताकि व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और कार्यशैली में सुधार बना रहे। लेकिन छतरपुर जिले में यह व्यवस्था लंबे समय से पूरी तरह ठप है। जिले के 8 कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास और 7 नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावासों में वर्षों से एक ही अधिकारी प्रभार संभाले हुए हैं, जिससे नियमों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## यहां वर्षों से जमे हैं अधीक्षक : छतरपुर जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास

ईसानगर, बकस्वाहा, भगवा, चंदला, महराजपुर, गौरिहार, बमीठा और किशनगढ़ में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावासों की स्थिति चौंकाने वाली है। ईसानगर में अविदा खातून लगभग 5 साल से, बकस्वाहा में गुड्डी बाई लोधी लगभग 4 साल से, भगवा में रश्मि सिंह सोलंकी 5 साल से, चंदला में सुधा रैकवार 4 साल से, महराजपुर में सुनीता चौरसिया लगभग 5 साल से, गौरिहार में नीलम वर्मा, वमीठा में किरण बुंदेला लगभग 5 साल से, किशनगढ़ में फूलन अहिरवार लगभग 5 साल से पदस्थ हैं। स्थानीय सूत्र बताते हैं कि छात्रावासों में लंबे समय से एक ही प्रभार होने से निगरानी कमजोर पड़ती है और व्यवस्थाओं में सुधार की गुंजाइश भी कम होती जाती है।

- **नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावासः 7 केंद्र, लेकिन प्रभार एक जैसा**
जिले में संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास—बड़ामलहरा, सटई, विजावर, चुरखरी, छतरपुर, पठा और पहरा—में भी स्थिति इससे अलग नहीं है। पहरा में सुषमा प्रजापति 8 साल से, पठा में गोमती राजपूत 5 साल से, बड़ामलहरा में कुशुम चौरसिया करीब 5 साल से, चरखारी में नजमा निशा लगभग 5 साल से, सटई में विमला अहिरवार लगभग 5 साल से, छतरपुर में ममता पटैरिया 10 साल से, विजावर में रजनी गौड़ लगभग 5 साल से जिम्मेदारी संभाल रही हैं।
- **यह है प्रशासन के आदेश : शासन के आदेशों की अवहेलना**
शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश हैं कि छात्रावासों में अधीक्षकों का नियमित रोटेशन हो और किसी को भी कई वर्षों तक एक ही स्थान पर न रखा जाए। इसके बावजूद छतरपुर जिले में यह व्यवस्था प्रभावहीन पड़ी है। छात्राओं की सुरक्षा, भोजन, स्वास्थ्य, नियमित निरीक्षण और शैक्षणिक माहौल जैसे संवेदनशील मुद्दों पर इसका सीधा असर पड़ता है। कई अभिभावकों ने भी नाम न छापने की शर्त पर कहा कि लंबे समय से एक ही प्रभार से "सुपरविजन कमज़ोर" हो जाता है।
- **सीटें अलग-अलग, जिम्मेदारी समान** : छात्रावासों में कक्षा 6वीं से 8वीं तक की छात्राएं रहती हैं। कहीं 100 सीटें, कहीं 150 और कहीं 200 सीटें हैं। बावजूद इसके व्यवस्थाओं के मानक हर जगह एक जैसे हैं और जिम्मेदारी भी समान— लेकिन वर्षों से एक ही प्रभार होने से बदलाव की उम्मीद खत्म हो रही है।

इनका कहना है

इस मामले में जल्द ही विभाग से जानकारी बुलाकर कार्यवाही की जाएगी।
पार्थ जैसवाल, कलेक्टर, छतरपुर

# तेज रफ्तार का कहर: पिकअप वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**प्रवेश संवाद** घुवारा

बड़ामलहरा अनुभाग के घुवारा में नेशनल हाइवे पर देवीनगर के पास एक तेज रफ्तार पिकप वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी है जिसमे एक की मौके पर मौत हो गई है दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। आपको बता दे बाइक चालक दलीपुर से एक तेरहवीं का निमंत्रण करके अपने गांव पठराई थाना खरगापुर जिला टीकमगढ़ की ओर जा रहा था जबकि पिकप वाहन घुवारा से शाहगढ़ की ओर जा रही है। उसी दौरान यह भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें मुकेश पाल निवासी पठराई थाना खरगापुर की मौके पर ही मौत हो गई एवं बाइक सवार गोकल पाल निवासी कुड़ीला जिला टीकमगढ़ की हालत नाजुक स्थिति में है। फिलहाल पुलिस ने मृतक का शव मर्चरी में रखवा दिया है घायल गोकल पाल को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र घुवारा डॉक्टर नैंसी जैन एवं रमाकांत तिवारी ने प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रैफर कर दिया है। क्षति ग्रस्त वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है



## सिविल जज बनीं मानसी एवं डिप्टी कलेक्टर बनीं अदिति का जैन समाज द्वारा अभिनन्दन आज

**प्रवेश संवाद** छतरपुर





जैन समाज,छतरपुर आज 7 दिसंबर 25 रविवार को जिले की दो होनहार बेटियों मानसी जैन एवं अदिति जैन का एक गरिमापूर्ण समारोह में भावभीना तथा आत्मीय सम्मान करेगी। अतिशय क्षेत्र डेरापहाड़ी पर दोपहर 2 बजे आयोजित सम्मान समारोह में इस वर्ष सिविल जज पद पर चयनित मानसी जैन एवं डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित अदिति जैन का गरिमापूर्ण सम्मान किया जाएगा।

डॉ. सुमति प्रकाश जैन ने बताया कि आज 7 दिसंबर को दोपहर ठीक 2 बजे श्री पुष्पेंद्र जैन एवं श्रीमती मीना जैन पनोठा बालो की होनहार बेटी मानसी जैन छतरपुर निवासी को सिविल जज बनने पर एवं अशोक कुमार जैन श्रीमती अर्चना जैन की होनहार बेटी अदिति जैन ग्राम मड़देवरा निवासी को डिप्टी कलेक्टर बनने जयजय अतिशय क्षेत्र डेरा पहाड़ी पर समाज गौरव प्रशस्ति से विभूषित किया जायेगा।

जैन समाज के अध्यक्ष अरुण जैन,महामंत्री अजित जैन, क्षेत्र प्रबंधक आरके जैन सहित समस्त कार्यकारिणी ने समाज के सभी पुरुषों, महिलाओं, युवाओं एवं सभी संगठनों से अधिकतम संख्या में इस कार्यक्रम में पधार कर होनहार बेटियों के अभिनंदन के साक्षी बने और इन्हें अपना शुभाशीष प्रदान करें।

## जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में एमसीबीयू की शानदार जीत, फाइनल में पहुंची टीम

**प्रवेश संवाद** छतरपुर



महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर की क्रिकेट टीम ने जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का आयोजन कुलगुरु डॉ. राकेश सिंह कुशवाहा के संरक्षण तथा कुलसचिव श्री यशवंत सिंह पटेल एवं डॉ. वी.पी. सिंह गौर के मार्गदर्शन में शासकीय बड़ा मलहरा महाविद्यालय में किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमसीबीयू टीम ने 12 ओवर में 137 रन का मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। टीम के ओपनर बल्लेबाज अमन चतुर्वेदी ने शानदार खेल दिखाते हुए 41 रन जोड़े। वहीं गेंदबाजी में निष्कर्ष सक्सेना ने मात्र 3 ओवर में 4 विकेट लेकर 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब अपने नाम किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए शासकीय हरपालपुर महाविद्यालय की टीम निर्धारित 137 रन तक नहीं पहुंच सकी और 77 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ एमसीबीयू ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। 7 दिसंबर 2025 को होने वाला फाइनल मुकाबला एमसीबीयू VS शासकीय महाविद्यालय नौगांव के बीच खेला जाएगा। टीम के मैनेजर डॉ. नीतेश मिश्रा एवं कोच संजय जैन द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। साथ ही खेल विभाग से श्री सुरेश यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय प्रशासन एवं प्रबंधन के तरफ से टीम को शानदार जीत और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने ली परेड की सलामी

**प्रवेश संवाद** छतरपुर



होमगार्ड कार्यालय छतरपुर में शनिवार को होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया उपस्थित रहीं। होमगार्ड परिसर में आयोजित भव्य परेड मार्च में नपा अध्यक्ष श्रीमती चौरसिया ने सलामी ली। परेड का नेतृत्व प्लाटून कमांडर विनीत तिवारी ने किया। मार्चपास्ट में होमगार्ड के अलावा आपदा मित्र, सिविल डिफेंस तथा एसडीआरएफ के दल भी शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत परेड की सलामी एवं निरीक्षण के साथ हुई। इसके बाद होमगार्ड स्थापना दिवस के अवसर पर प्राप्त शुभकामना संदेशों का वाचन किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने आपदा प्रबंधन प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जहाँ आधुनिक रेस्क्यू उपकरणों एवं तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। समारोह में ग्लोरियस स्टार्स अकेडमी के बच्चों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिनसे पूरा वातावरण देशप्रेम की भावनाओं से सराबोर हो उठा। इसी क्रम में एसडीआरएफ टीम ने आपदा प्रबंधन से जुड़े उपकरणों एवं तकनीकों का लाइव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने बड़ी रुचि से देखा।होमगार्ड जवानों द्वारा रेस्क्यू एवं आपदा प्रबंधन में उपयोगी सामग्रियों की प्रदर्शनियाँ भी लगाई गईं। नपा अध्यक्ष ने सुरक्षा एवं सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले होमगार्ड एवं एसडीआरएफ जवानों के साथ आपदा मित्र नीलेश तिवारी, शिवम् मिश्रा तथा सिविल डिफेंस वालंटियर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलावा विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों के मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन राशि के चेक, प्रशस्ति पत्र एवं टी-शर्ट भी प्रदान की गईं। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट भूपेंद्र ठाकुर सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

## सामाजिक न्याय के प्रबल योद्धा हैं संविधान के निर्माता : भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह

- श्रद्धापूर्वक मनाया गया बाबा साहब का महापरिनिर्वाण दिवस

**प्रवेश संवाद** छतरपुर



भारत के संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय के प्रबल योद्धा और समता के महामंत्रदाता डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि उस क्रांति का नाम हैं जिसने भारत की सामाजिक संरचना को भीतर से झकझोरा। उन्होंने उस अंधेरे युग में जन्म लिया, जब अस्पृश्यता अपवित्र मानी जाती थी। लेकिन डॉ. आंबेडकर ने हार नहीं मानी।

ज्ञान को हथियार बनाया, शिक्षा को ढाल, और संघर्ष को अपना धर्म बनाया। वे अर्थशास्त्र, कानून, राजनीति, मानवाधिकार हर क्षेत्र के माहिर योद्धा थे। छतरपुर के छत्रसाल चौराहे पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस शनिवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के संयोजक अजय कबीर के द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के महापरिन दिवस पर समाज के वरिष्ठ जन व सफाई कर्मचारी और बीड़ी श्रमिकों का शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि भाजपा की प्रदेश मंत्री श्रीमती अर्चना गुड्डू सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने भी बाबा साहब का सम्मान किया।

इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की प्रदेश मंत्री अर्चना गुड्डू सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक खेरे, नगर मंडल महामंत्री सुरेंद्र साहू, मंडल महामंत्री सुरेंद्र सिंह तोमर, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसेवक पटेल, पूर्व पार्षद बाबा जी अनुरागी, सरपंच लक्ष्मी अहिरवार, रवि त्रिपाठी, शैलेंद्र सिंह, पूर्व पार्षद प्रदीप साहू, सरदार दाऊ, ठेला यूनियन भोला साहू, आशीष, करण, रवि शर्मा, धर्मेंद्र प्रजापति, रोहन अनुरागी, रितेश अशोक अनुरागी एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित रहे।